

## एक नजर में

### लोकमाता अहिल्याबाई की जयंती पर आज होगा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

**मंदसौर।** धनगर गायरी समाज जिला मंदसौर द्वारा न्याय की प्रतिमूर्ति पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती आज 31 मई 2026 को स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में प्रात: 11 बजे से भव्य रूप से मनाई जाएगी। इस अवसर पर न केवल माता अहिल्या के महान कार्यों को याद किया जाएगा, बल्कि समाज के भविष्य यानी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशाल 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन भी किया जा रहा है। धनगर गायरी समाज जिलाध्यक्ष दशरथ धनगर ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजन और वरिष्ठ पदाधिकारी शिरकत करेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज की युवा पीढ़ी को शिक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें सफलता के नए सोपान तय करने के लिए प्रेरित करना है। समारोह को सफल बनाने के लिए धनगर गायरी समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समिति द्वारा आज आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के 120 विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। आयोजकों ने सभी समाज बंधुओं से सविनय अनुरोध किया है कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर माता अहिल्याबाई होलकर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें और समाज के होनहारों का उत्साहवर्धन कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं।



### द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव मंदिर में भगवान सत्यनारायण की संगीतमयी कथा आज

**मंदसौर।** स्नेहनगर स्थित श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव मंदिर पर गत दिनों 6 से 9 मई तक आयोजित हुए पांच कुंडात्मक यज्ञ की अभूतपूर्व सफलता, भव्य शिखर स्वर्ण कलश आरोहण प्रतिष्ठा महोत्सव और विशाल भंडारे सहित सभी धार्मिक अनुष्ठानों के निर्विघ्न संपन्न होने की खुशी में एक विशेष आयोजन किया जा रहा है। इस सफल एवं यादगार महोत्सव के निमित्त देवाधिदेव महादेव को धन्यवाद ज्ञापित करने एवं समस्त दानदाताओं और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से मंदिर परिसर में एक विशाल संगीतमय श्री सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन रखा गया है। यह धार्मिक अनुष्ठान किसी व्यक्तिगत भक्त का न होकर, उन सभी 19 यजमान परिवारों के सामूहिक सहयोग और सेवा भाव से आयोजित किया जा रहा है जिन्होंने महायज्ञ में अपनी सहभागिता निभाई थी। कलश स्थापना के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही यह संगीतमय कथा आज 31 मई, रविवार पूर्णिमा के पावन अवसर पर शाम 7.30 बजे से भगवान की इच्छानुसार प्रभु इच्छा तक अनवरत चलेगी। इस पावन प्रसंग पर गाँव अमलावद के सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित सत्यनारायण जी शर्मा अपने मुखारविंद से संगीतमय कथा का रसपान कराएंगे। इस धार्मिक महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कथा में शामिल होने वाले सभी भक्तों, श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमी सज्जनों के स्वागत-सत्कार के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, जिसके अंतर्गत आने वाले सभी भक्तों को शीतल ठंडाई पिलाई जाएगी एवं भगवान को अर्पित शुद्ध देशी घी से बना मोहन भोग महाप्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। मंदिर समिति की मीडिया प्रभारी किरण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरुषोत्तम मास की इस पुण्यदायी और फलदायी पूर्णिमा के पावन अवसर पर हो रहे इस दिव्य आयोजन को लेकर महिला मित्र मंडल स्नेहनगर ने सभी आम भक्तों, श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमी जनता से विशेष आग्रह किया है। समस्त यजमान परिवार और निवेदक महिला मित्र मंडल ने क्षेत्र के सभी नागरिकों को कथा में सपरिवार पधारकर धर्मलाभ लेने और पुण्य अर्जित करें।




## समाज निर्माण की फैक्ट्री है आरएसएस : चन्द्रे

**मंदसौर। पारिवारिक सामाजिक और राष्ट्रीय कार्यों को विधि पूर्वक संपन्न करने के लिए अच्छे कार्यकर्ताओं की आवश्यकता हर क्षेत्र में महसूस की जाती है किंतु अच्छे सूझबूझ वाले संस्कारित कार्यकर्ता बाजार में नहीं मिलते।**



आज समाज की स्थिति नदी के किनारे खड़े उस प्यास पथिक के समान दिखाई देती है जो खड़ा तो है जल के अथाह भंडार के पास किंतु मात्र एक घूंट पीने के पानी के लिए भी तरस रहा है। इसी निष्क्रियता एवं किंकर्तव्यविमूढ़ स्थिति होने के कारण ऐसे समय में हम देखते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ऐसा संगठन है जिसने भारतवर्ष ही नहीं परंतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छे कार्यकर्ताओं का निर्माण किया है। आखिर वह कौन सी बात है कि अन्य सब जगह कार्यकर्ताओं का अकाल है परंतु संघ के पास उनकी पूर्ति का संपूर्ण सामर्थ्य है? इस सब के पीछे संघ की वह शांत, एकांतिक कार्य पद्धति है जो बिना किसी शोर शराबे के प्रतिदिन शाखाओं में निर्माण के साथ-साथ प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले संघ शिक्षा वर्ग में संपन्न की जाती है। कार्यकर्ता का निर्माण बड़े धैर्य का काम है, जिसे संघ विगत 100 वर्षों से निरंतर निभाता आ रहा है।

संघ ने प्रारंभ से ही समाज कार्य के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं की श्रृंखला खड़ी करने की कार्य पद्धति विकसित की है। संघ ने आरंभ काल से ही समाज में चलने वाले अनेक उपक्रमों का उपयोग करके देखा, समाज के स्वभाव को परखा और उस प्रयोग धर्मिता में से ही समाज की आवश्यकता को पूर्ण करने की दृष्टि से संघर्षशील संस्कारित कार्यकर्ताओं के निर्माण के लिए ही संघ शिक्षा वर्गों को क्रमिक रूप से विकसित किया गया है। उन दिनों कॉलेज में यूनिवर्सिटी ऑफिसर ट्रेनिंग कैंप लगा करते थे। उसी के अनुकरण से ओटीसी के नाम से शिक्षा वर्ग प्रारंभ हुआ और कई वर्षों तक यही ओटीसी नाम प्रतिष्ठित रहा। किंतु बाद में कार्यकर्ताओं को लगा कि संघ में तो ऑफिसर्स और रैंक्स जैसा कोई भाव नहीं है तो इस कारण यह नाम उचित नहीं है। अत: विचार विमर्श के उपरांत संघ शिक्षा वर्ग नाम स्वीकार किया गया और आज भी यही प्रसिद्ध है। संघ शिक्षा वर्ग का प्रशिक्षण 3 वर्ष के पाठ्यक्रम के रूप में होता है। प्रथम व द्वितीय वर्ष का प्रशिक्षण अपने-अपने प्रांत में विभिन्न स्थानों पर होता है किंतु तृतीय वर्ष का प्रशिक्षण एक ही स्थान नागपुर में होता है उस मैदान पर जहां सभी स्वयंसेवकों के लिए प्रेरक, संघ संस्थापक परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी का स्मृति मंदिर बना हुआ है।

उक्त संघ शिक्षा वर्गों में संघ की कार्य पद्धति की जानकारी, समाज कार्य के लिए आवश्यक गुणों के विकास हेतु शारीरिक कार्यक्रम करने से अपनी क्षमता बढ़ाना, चर्चा, बैठक गीत, कथा-कहानी, बौद्धिक अभिव्यक्ति की क्षमता आदि के माध्यम से होने वाले बौद्धिक प्रशिक्षण से अपने लक्ष्य की स्पष्ट और उसकी पूर्ति हेतु कार्यरत होने की तत्परता जगती है। शारीरिक तथा बौद्धिक सक्षमता मात्र से कोई कार्यकर्ता नहीं बन जाता है। उसके लिए आवश्यक है उसमें गुणों को, संघ द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के लिए अर्पित करने की इच्छा जगे। उद्देश्यों को प्राप्त करने और उसके अनुरूप जीवन का दर्शन भी हो।




## गर्मी में रेलवे स्टेशन पर जल सेवा

**मंदसौर।** भीषण गर्मी से जहां इंसान परेशान है, वहीं सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ मंदसौर द्वारा मानवता की सेवा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शनिवार, 30 मई 2026 को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए एक विशेष जल सेवा का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में गुप्त दानदाता के विशेष सहयोग से यात्रियों को शीतल जल पिलाकर इस भीषण तपन से राहत पहुंचाई गई।

इस सेवा प्रकल्प के बारे में जानकारी देते हुए सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री विनाली मेहता ने बताया कि इस भीषण गर्मी में यात्रियों को पानी के लिए परेशान न होना प?, इसी उद्देश्य से इस पुण्य कार्य की शुरुआत की गई है। उन्होंने समाज के सभी प्रबुद्ध जनों से इस पुनीत कार्य में ब?-च?कर सहयोग करने और पुण्य का उपार्जन करने का आह्वान किया। इस दौरान आयोजित लक्की ड्रा विनर पूर्व महामंत्री शशि मारू रही। इस सेवा अवसर पर संगठन की मंत्री पूर्णिमा चोरि?या एवं नीमा जैन, कोषाध्यक्ष प्रीति नगरी वाला तथा सहमंत्रीगण आशा जेतावत, सुनीता पामेचा, किरण जैन और श्वेता भाटिया, पूर्व महामंत्री प्रेमलता मिण्डा, पदमा जैन और रानी जैन ने भी यात्रियों को पानी पिलाया और इस भीषण गर्मी में उन्हें राहत प्रदान की।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस : तंबाकू छोड़कर शाहिद और कचरूलाल बने युवाओं के प्रेरणा स्रोत

**मंदसौर। दृढ़ इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन से किसी भी बुरी आदत को छोड़ा जा सकता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय मंदसौर में सम्मानित किए गए दो व्यक्तियों ने यह साबित कर दिखाया है।**

80 वर्षीय कचरूलाल किशोरावस्था से तंबाकू सेवन के आदी थे और प्रतिदिन लगभग 30 बीड़ी पीते थे। वर्षों तक धूम्रपान करने के कारण उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी थी। जिला चिकित्सालय के तंबाकू व्यसन मुक्ति केंद्र में परामर्श मिलने के बाद उन्होंने बिना किसी दवा के केवल अपनी मजबूत इच्छाशक्ति और नियमित काउंसलिंग के सहारे धूम्रपान छोड़ दिया। आज वे स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ा रहे हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा बन गए हैं। इसी प्रकार शाहिद पिछले 8 से 10 वर्षों से तंबाकू चबाने की लत से जूझ रहे थे। लगातार सेवन के कारण उनके मुंह का खुलना काफी कम हो गया था। उन्होंने जिला चिकित्सालय के तंबाकू व्यसन मुक्ति केंद्र में उपचार शुरू किया, जहां उन्हें निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी और नियमित काउंसलिंग उपलब्ध कराई गई। मात्र एक माह में उन्होंने तंबाकू का सेवन पूरी तरह छोड़ दिया और स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव महसूस करने लगे। इन दोनों सफलताओं ने यह संदेश दिया है कि तंबाकू की लत चाहे कितनी भी पुरानी क्यों न हो, सही परामर्श, चिकित्सकीय सहायता और दृढ़ संकल्प के साथ उससे मुक्ति पाई जा सकती है। जिला चिकित्सालय मंदसौर का तंबाकू व्यसन मुक्ति केंद्र ऐसे लोगों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आ रहा है, जहां नि:शुल्क परामर्श, विशेषज्ञ चिकित्सकों का मार्गदर्शन और आवश्यक दवाइयों की सुविधा उपलब्ध है।

**एक नजर** | **जयकुमार बड़जात्या बने प्रवास समिति के प्रभारी अध्यक्ष**

## मुनिश्री प्रणम्यसागर महाराज के मंदसौर आगमन की तैयारियां

**मंदसौर।** अर्हं ध्यान योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज ससंघ का विहार मंदसौर की ओर चल रहा है। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी व आचार्य श्री समयसागरजी महाराज के परमशिष्य मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज का लगभग ग्यारह वर्षों बाद पुन: मंदसौर आगमन होगा।

मुनि श्री का सन 2015 में मंदसौर में चातुर्मास हुआ था, उसके बाद अब मुनि श्री का आगमन होगा।

यह जानकारी देते हुए डॉ. चंदा भरत कोठारी ने बताया मुनिश्री अल्प प्रवास पर अभी मनासा में विराजमान है। 1 जून को मनासा से पद विहार करके 7 जून को मंदसौर शहर में मंगल प्रवेश संभावित है। मुनिसंघ के आगमन को लेकर सकल दिगम्बर जैन समाज में भारी हर्ष और उत्साह का माहौल बना हुआ है।



चंदा कोठारी ने बताया मुनिसंघ के सानिध्य में मंदसौर में कई कार्यक्रम आयोजित करने की रुपरेखा बनाई जा रही है। मुनिसंघ के मंगल प्रवेश पर भव्य अगवानी करने व अन्य आयोजनों के संबंध में समाज की बैठक तारबंगला मंदिर पर आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से जयकुमार ब?जात्या को मुनिश्री प्रणम्यसागरजी प्रवास समिति का प्रभारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया, साथ ही समाजजनों द्वारा विभिन्न समितियां बनाए जाने का भी प्रस्ताव रखा गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री जयकुमार ब?जात्या द्वारा मुनिसंघ के प्रवास काल को सफल व ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने में सहयोग प्रदान करने की अपील समाज जनों से की गई। चिन्मय कियावत ने मुनिश्री के सानिध्य में 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाले अर्हं स्वात्म साधना शिविर की जानकारी दी, नेमकुमार गांधी ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होने वाले भव्य योग कार्यक्रम की रुपरेखा से अवगत कराया।

शांतिलाल बजात्या, मुनिसेवा समिति अध्यक्ष अरविंद मेहता, सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष अनिल जैन, डॉ. राजकुमार बाकलीवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, डॉ एस. एम. जैन, दीपक भूता, पं अरविंद जैन, हैप्पी पाटनी, सिम्पल सेठी, डॉ चंदा कोठारी आदि ने भी संबोधित किया।

# नीमच

## एक नजर में

### भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच की बैठक आज

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच की आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर एक आवश्यक बैठक आज दिनांक 31 मई रविवार को शाम 4 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय तपोभूमि पर आयोजित की जा रही है। बैठक में जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, सांसद सुधीर गुप्ता, जिला प्रभारी सुभाष पटेल, विधायक दिलीप सिंह परिहार, विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक माधव मारू, जिला पंचायत, जनपद, नगर पालिका जनप्रतिनिधि, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, अपेक्षित श्रेणी के सभी पार्टी सदस्य भाग लेंगे। उपयोग जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा द्वारा दी गई।

### नीमच जिले में डिप्टी कलेक्टरों के बीच कार्य विभाजन, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी नीमच के मध्य नए सिरे से कार्य विभाजन आदेश जारी किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नवीन कार्य विभाजन इस प्रकार है कि संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर, नीमच व पराग जैन को पूर्व में सोपें गए समस्त दायित्वों, कार्यालयीन शाखाओं, जनगणना एवं अन्य सौंपे गए कार्यों का निर्वहन अब डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव साहू करेंगे करेंगे। डिप्टी कलेक्टरश्री पराग जैन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), नीमच अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी, नीमच के दायित्व के साथ ही अनुभाग नीमच के नजूल संबंधी कार्य, जिला सत्कार अधिकारी भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग. डी.एम.एफ. एवं कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्यों कॉ निर्वहन करेंगे। डिप्टी कलेक्टर श्री चन्द्रसिंह धार्वे, जिला शहरी विकास अभिकरण (डूडा) का कार्य देखेंगे। शेष कार्य विभाजन पूर्व अनुसार यथावत रहेगा।

### ट्रक से जा रहे हरियाणा के युवक तबीयत बिगड़ी, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया, पिता शव लेकर पैतृक गांव रवाना



**नीमच।** नयागांव टोल प्लाजा के पास एक दुखद घटना सामने आई है। हरियाणा से इंदौर जा रहे 25 वर्षीय एक युवक की चलती ट्रक में अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मनीष (25) पुत्र सुरेंद्र सिंह, निवासी बीरडाना, हरियाणा के रूप में हुई है। मनीष अपने पिता और अन्य साथियों के साथ एक ट्रेलर में माल लेकर इंदौर जा रहा था। उनकी गाड़ी जैसे ही नयागांव टोल प्लाजा के समीप पहुंची, मनीष की तबीयत अचानक खराब हो गई। वाहन को तुरंत रोका गया और टोल प्रशासन को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टोल एंबुलेंस ने युवक को बिना देरी किए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक दम तोड़ चुका था। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, मनीष के पिता सुरेंद्र सिंह और उनके साथी शव को लेकर पैतृक गांव बीरडाना (हरियाणा) के लिए रवाना हो गए हैं।

## कलेक्टर चंद्रा ने झांझरवाड़ा क्षेत्र का किया निरीक्षण

- एसीसी ब्लॉक इकाई में युवा उद्यमी के नवाचार को सराहा, फायर सेफ्टी व श्रमिक सुरक्षा पर दिया जोर
- एमपीआईडीसी को निर्देश: निवेशकों के लिए भूमि, रास्ते व सभी सुविधाएं हों दुरुस्त

**नीमच।** भारत के सबसे अत्याधुनिक और एमपी-राजस्थान के सबसे बड़े एएसी उद्योग बाबजी एएसी प्लांट पर आज शनिवार को जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा पहुंचे। अन्य अधिकारियों के साथ उद्योग पर पहुंचे कलेक्टर चंद्रा का बाबजी समूह के एमडी हातिम नजमी और डायरेक्टर होजेफा नजमी ने स्वागत किया। इसके पश्चात कलेक्टर ने एएसी ब्लॉक निर्माण की पूरी प्रक्रिया को बारिकी से जाना। इस दौरान बाबजी समूह के एमडी हातिम नजमी ने बताया कि अत्याधुनिक दौर में बाबजी का एएसी ब्लॉक किस तरह राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका अदा कर रहा है।



**बहुत ही कम समय में ब्रांड बना बाबजी का एएसी ब्लॉक**

बाबजी समूह के एमडी हातिम नजमी ने डीएम चंद्रा को बताया कि बहुत ही कम समय में बाबजी का एएसी ब्लॉक ब्रांड बन चुका है। बाबजी का एएसी ब्लॉक अब तक कई लैबों की जांच में खरा उतर चुका है। प्रत्येक परीक्षण में बाबजी के एएसी ब्लॉक की स्ट्रेंथ 5 एमपीए से अधिक पाई गई। जबकि आईएसआई का पैमाना 4 एमपीए स्ट्रेंथ का है। बाबजी के एएसी ब्लॉक को आईएसओ 9001 का सर्टिफिकेट भी प्राप्त है। यहीं वजह है कि आज एमपी-राजस्थान के अधिकांश बड़े बिल्डर और समूह बाबजी के एएसी ब्लॉक का उपयोग कर रहे है जो एमपी के लिए गर्व की बात है।

**डीएम के साथ कई अधिकारियों ने देखी निर्माण की प्रक्रिया:** झांझरवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित बाबजी एएसी प्लांट का कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के साथ एसडीएम पराग जैन, तहसीलदार संतोष कुमार, एमपीआईडीसी के अधिकारी अमित सोनी सहित अन्य अधिकारियों ने दौरा किया। इस दौरान कलेक्टर सहित तमाम अधिकारियों ने एएसी ब्लॉक के निर्माण की प्रक्रिया को नजदीक से जाना। अधिकारियों को बाबजी समूह के एमडी हातिम नजमी ने ब्लॉक निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

**कलेक्टर ने की युवा उद्यमी हातिम नजमी की प्रशंसा :** जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने समूह के एमडी हातिम नजमी और डायरेक्टर होजेफा नजमी के साथ पूरे प्लांट का दौरा किया और ब्लॉक निर्माण की प्रक्रिया को नजदीक से जाना। इस मौके पर कलेक्टर ने युवा उद्यमी हातिम नजमी द्वारा स्थापित उद्योग के सफल संचालन तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे नवाचार और उद्यमिता जिले के औद्योगिक विकास को नई दिशा प्रदान करते हैं।

**किसान से लेकर बड़े बिल्डर कर रहे उपयोग:** बाबजी समूह के एमडी हातिम नजमी ने बताया कि एएसी ब्लॉक पूरी तरह फायर प्रुफ, साउंड प्रुफ और वाटर प्रुफ है। बाबजी के एएसी ब्लॉक से निर्माण लागत में 40 प्रतिशत की बचत भी होती है। यहीं वजह है कि आज किसानों से लेकर बड़े बिल्डर तक इस ब्लॉक का उपयोग कर रहे हैं।

## नीमच के गांधीसागर बैकवाटर में नहाते समय पिता-पुत्र डूबे, बेटे को बचाने उतरे पिता की मौत





**नीमच।** जिले के कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमली आत्री में शुक्रवार शाम गांधीसागर बांध के बैकवाटर में नहाने के दौरान पिता और पुत्र की डूबने से मौत हो गई। पहले बेटा पानी में डूबने लगा, उसे बचाने के प्रयास में पिता भी गहरे पानी में चले गए और दोनों लापता हो गए। बेटे को बचाने में पिता भी डूबे।

जानकारी अनुसार, 40 वर्षीय दशरथ सिंह राजपूत अपने 20 वर्षीय पुत्र पवन सिंह के साथ खेत से लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों गांव के पास स्थित बैकवाटर में नहाने लगे। नहाते समय पवन सिंह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए पिता ने पानी में छलांग लगाई, लेकिन दोनों ही वापस नहीं निकल सके। रेस्क्यू के बाद पिता का शव मिला, बेटे की तलाश जारी घटना की सूचना पर प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। करीब तीन घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद रात में पिता का शव बरामद कर लिया गया। अंधेरा होने के कारण बेटे की तलाश रोकनी पड़ी। शनिवार सुबह से फिर सर्च ऑपरेशन जारी है। ग्रामीणों और प्रशासन की मौजूदगी में तलाश घटना के बाद ग्रामीणों ने भी अपने स्तर पर खोजबीन की। इसके बाद तहसीलदार और पुलिस मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ की टीम ने पानी में लगातार सर्चिंग कर रही है ताकि बेटे का पता लगा सके।

**एक नजर** | **देवलखेड़ी-डोरिया के मध्य पोल शिफ्टिंग और सड़क चौड़ाईकरण कार्य शुरू**

## निंबाहेड़ा-मंगलवाड़ फोरलेन परियोजना के कार्य ने फिर पकडी रफ्तार

**नीमच। स्वीकृत निंबाहेड़ा-मंगलवाड़ मार्ग के फोरलेन (चौड़ाईकरण) निर्माण कार्य ने अब धरातल पर गति पकड़ ली है। परियोजना के तहत निंबाहेड़ा से मंगलवाड़ मार्ग पर देवलखेड़ी-डोरिया के मध्य विद्युत पोल शिफ्टिंग एवं सड़क चौड़ाईकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिससे क्षेत्र के लोगों में उत्साह एवं खुशी का वातावरण है।**

उल्लेखनीय है कि निंबाहेड़ा-मंगलवाड़ मार्ग क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन आवागमन करते हैं। लंबे समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। विधायक श्रीचंद कृपलानी द्वारा राज्य सरकार के समक्ष इस आवश्यकता को प्रमुखता से उठाते हुए मार्ग के फोरलेन निर्माण की स्वीकृति दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण परियोजना स्वीकृत हुई। वर्तमान में देवलखेड़ी-डोरिया क्षेत्र में सड़क विस्तार के लिए विद्युत पोलों को हटाने एवं स्थानांतरित करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इसके साथ ही सड़क चौड़ाईकरण की प्रारंभिक गतिविधियां भी शुरू हो चुकी हैं। कार्य की शुरुआत से यह स्पष्ट हो गया है कि परियोजना अब तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले समय में क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुरक्षित सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। फोरलेन निर्माण पूर्ण होने के बाद न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। साथ ही निंबाहेड़ा, मंगलवाड़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापार, उद्योग, कृषि एवं परिवहन गतिविधियों को भी नया आयाम मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी तथा लोगों का समय एवं संसाधनों की बचत होगी। क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के कार्य प्रारंभ होने पर विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि परियोजना पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

